हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

11 नियमितकरण की बने पॉलिसी, सुरक्षित हो रोजगार अन्यथा अबकी बार आर या पार



12 महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने का फिर उठने लगा मुद्दा



**खबर संक्षेप**

### महाराज के कमरे से मोबाइल फोन चोरी

**महेंद्रगढ़।** बाबा सुरता गिरि आश्रम से अज्ञात चोर मोबाइल फोन चोरी करके ले गया हैं। पुलिस ने महाराज की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू कर दी हैं। महाराज इतवार गिरि ने बताया कि वह मोहल्ला मसानी स्थित बाबा सुरता गिरि आश्रम में रहता हैं। बीती 15 जून को दोपहर तीन बजे के आसपास वह अपने कमरे में मोबाइल छोड़कर बाहर चला गया। पीछे से एक अज्ञात चोर मोबाइल चोरी करके ले गया। इसी तरह कुछ दिन पहले भी 14 हजार रुपये एक अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।



### राव बंसी सिंह पार्क में टीन शेड का किया निर्माण

**नारनौल।** व्यवसायी स्व. रामनारायण चौधरी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र जयप्रकाश चौधरी ने राव बंसी सिंह पार्क में टीन शेड का निर्माण करवाया हैं। इसका उद्घाटन नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन किशन चौधरी एडवोकेट ने किया। उन्होंने कहा कि राम नारायण जी का इस पार्क से बेहद लगाव था। वहीं जयप्रकाश चौधरी ने बताया कि उनके पिता पूरी उम्र समाजसेवा में अग्रसर रहें। उनकी याद में यह सामाजिक कार्य कर आज उन्हें आत्मिक खुशी हुई हैं।

## नहर आने में देरी होने से वाटरटैंकों में नाममात्र का बचा पानी, राशनिंग का ले रहे सहारा

- अबकी बार 22 जून को नहरों में आना था पानी, लेकिन अब 28 जून को जिले की नहरों में पानी पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अबकी बार भी नहर के आने में करीब एक सप्ताह की देरी होने से जनस्वास्थ्य विभाग को राशनिंग का सहारा लेना पड़ रहा है। जल भंडारण के लिए जो वाटरटैंक बनाए गए हैं, उनमें एक-दो दिन का पानी ही बचा है और वह भी लगभग सूखने की कगार पर हैं। इस बार 22 जून को नहर आनी थी, लेकिन अब यहां की नहरों में 28 जून तक पानी पहुंचेगा। तब तक जनस्वास्थ्य विभाग लोगों को पानी की कटौती करके आपूर्ति करता रहेगा। इससे सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और लोग वाटरटैंकों पर निर्भर रहने को मजबूर हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि देश की राजधानी दिल्ली की भांति ही जिला मुख्यालय नारनौल भी नहरी आधारित पेयजल योजनाओं पर निर्भर करता है। अबकी बार एकबार भी प्री मानसून या इससे पहले कोई अच्छी बरसात नहीं होने के कारण निरंतर भीषण गर्मी पड़ती रही है। इस बार गर्मी ने पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। सूर्यदेव सवेरे से ही आग उगलता रहा है, वहीं दूसरी ओर इस बार गर्मियों में अनेक बार नहर देरी से आई है और जनस्वास्थ्य विभाग ने बार-बार राशनिंग का सहारा लिया है। अब भी उसी परिपाटी का पालन का किया जा रहा है और पानी की आपूर्ति कटौती की जा रही है।

जल भंडारों में भी पानी लगभग खत्म होने को है। हालात यह हैं कि रेवाड़ी रोड जलघर में केवल एक दिन का पानी बचा है तो महेंद्रगढ़ रोड स्थित नसीबपुर के जलघर में केवल महज दो दिन का पानी बचा है। नहर के समय पर नहीं आने से जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में पानी की सप्लाई में कटौती की जा रही है।

पूर्व में शहर में डेढ़ घंटे रोजाना या एक दिन छोड़कर दूसरे दिन पेयजलापूर्ति की जाती रही है, लेकिन अब पानी खत्म होने के मद्देनजर जहां कुछ दिन पहले आधे घंटे पानी दिया जाता था, वहां अब 20 मिनट पानी देकर इसे बचाने और लोगों को किसी तरह राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

यहां बता दें कि रेवाड़ी रोड पर बनेजलघर में 16 दिनों तक पानी की क्षमता है। वहीं महेंद्रगढ़ रोड के जलघर में 24 दिन की अब नहर को आए 24 दिन हो गए। इसलिए दोनों जलघरों में पानी खत्म होने के कगार पर है। शहर के कई मोहल्ले जिनमें पानी की कमी है, उनमें तो विभाग द्वारा टैंकर पहुंचाए ही जा रहे थे। वहीं पांच दिनों से मोहल्ला महल के बूस्टिंग स्टेशन की मोटर खराब होने से वहां भी जनस्वास्थ्य विभाग व समाजसेवियों ने भी एक-दो टैंकर पहुंचाकर लोगों को कुछ राहत पहुंचाई। अब यदि एक दिन पानी आने के बाद दो-तीन फिर पानी नहीं आया तो इन मोहल्लों में पानी की और भी ज्यादा परेशानी हो जाएगी।





नारनौल। पानी नहीं आने से सूखी पड़ी नहर व रेवाड़ी रोड पर बने वाटरटैंक में नाममात्र का बचा पानी। फोटो : हरिभूमि

**यह कहते हैं अधिकारी**

*इस बार नहर में पानी छोड़ने में कुछ देरी हुई है। यह देरी आगे से ही चल रही है। अब खुबड़ू हैड से यहां की नहरों के लिए पानी छोड़ा जा रहा है, जो अगले दो-तीन दिन में यहां तक पहुंच जाएगा। पानी आने पर उसकी स्टोरेज की जाएगी और पानी की आपूर्ति की बनी समस्या हल कर ली जाएगी।*

*-अशोक यादव, एसडीओ नहर विभाग, नारनौल*

## लक्की राव सिगड़ा ने महाप्रबंधक रोडवेज रेवाड़ी को लिखा पत्र

- रात्रि के समय रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रुट पर बस चलवाने के संदर्भ में की मुलाकात

**महेंद्रगढ़।** बीएमडी फाउंडेशन चेयरमैन लक्की राव सिगड़ा ने हरियाणा रोडवेज रेवाड़ी के जीएम देवदत्त से मुलाकात कर रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रुट पर रात्रि के समय बस चलवाने की मांग की। चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने बताया कि रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रूट पर रात्रि के समय प्रतिदिन लगभग सैकड़ों यात्री आवागमन करते हैं, प्रतिदिन यात्री रेवाड़ी, बावल, धारूहेड़ा एवं मानेसर सहित अन्य स्थानों से ड्यूटी पूरी करके देर रात लगभग साढ़े आठ बजे के आसपास रेवाड़ी बस स्टैंड पहुंचते हैं। लेकिन यहां से महेंद्रगढ़ के लिए बस सुविधा होने पर यात्री जैसे-तैसे साधनों से परेशान होते हुए अपनी व्यवस्था कर रात को 12 से एक बजे तक अपने घर पहुंचते है।

सुबह फिर इन्हें लगभग पांच बजे अपने परिवार के जीवन यापन के लिए निजी कंपनी या अन्य स्थानों पर ड्यूटी करने जाना पड़ता हैं। यात्रियों को प्रतिदिन मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं से जुझना पड़ता है।

### नीदरलैण्ड में मिलता है 14.50 करोड़ का एसएमए का एक इंजेक्शन

## दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त अर्जुन की सहायता अब राजस्थान शिक्षा विभाग करेगा

- चार माह पहले इसकी कीमत थी 17 .50 करोड़, एनजीओ के सहयोग से जोड़े 6 .5 करोड़
- राजस्थान शिक्षा विभाग में कार्यरत है करीब 3 लाख कर्मी, जून माह के वेतन से 60 रुपये प्रति कर्मी स्वैच्छा से देने का विभाग ने किया कर्मियों से आह्वान
- 22 माह के अर्जुन की माता है राजस्थान शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला सहायक पद पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

25 माह के बच्चे अर्जुन को एसएमए टाइप-1 (स्पाइनल मरकूलर स्ट्रोफी) बीमारी है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए इंजेक्शन जोलजेस्मा लगाना पड़ता है। यह इंजेक्शन भारत की बजाय नीरदरलैण्ड में मिलता है। भारत में इस एक इंजेक्शन की कीमत 17.50 करोड़ रुपये है। एनजीओ इम्पेक्ट गुरू व परिजनों के सहयोग से अब तक 6.50 करोड़ रुपये एकत्रित किए जा चुके है। इसी कार्य में सहयोग करने के लिए अब राजस्थान का शिक्षा विभाग आगे आया है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने ग्रुप-डी को छोड़कर सभी कर्मचारियों को स्वैच्छा से जून माह के वेतन से 60 रुपये कटवाने का आग्रह किया है। इस समय यहां शिक्षा विभाग में करीब तीन लाख कर्मचारी/अधिकारी है। इस सहयोग से अब परिजनों में अर्जुन को ठीक करवाने की आस जगी है।

नांगल चौधरी में एसएस हॉस्पिटल में जॉब कर रहे रिटायर टीचर रामजीलाल जांगिड़ से हरिभूमि ने बातचीत की। रामजीलाल बच्चे अर्जुन के दादा है। बातचीत में रामजीलाल ने बताया कि पौत्र अर्जुन फिलहाल राजस्थान में डाबला के पास गांव स्यालोदड़ा में रह रहा है। अर्जुन एसएमए बीमारी से ग्रस्त है। जो सबसे गंभीर रूप है। पांच मई 2022 को जन्मा अर्जुन जन्म के समय बिल्कुल स्वस्थ था। छह माह उम्र में अचानक पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव हो गया।

परिजन उपचार के लिए छह माह इधर-उधर अस्पतालों में भटकते रहे। किसी ने कुछ तो किसी ने कुछ बीमारी बताई। आराम नहीं मिला तो हैदराबाद से टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद जयपुर में जेके लोन अस्पताल के डॉ. प्रियांशु माथुर ने अर्जुन को एसएमए टाइप-1 बीमारी (स्पाइनल मरकूलर स्ट्रोफी) घोषित कर दी। जांच पड़ताल में पता चला कि जोलजेस्मा का इंजेक्शन से ही अर्जुन ठीक हो सकता है।



*बच्चा अर्जुन*

**शुरुआती दौर में बढ़ी टेंशन, एनजीओ ने दिया साथ**

दादा रामजीलाल ने हरिभूमि को बताया कि वह खुद रिटायर्ड टीचर है और इन दिनों नांगल चौधरी में एसएस हॉस्पिटल में पार्ट टाइम काम कर रहा है। इकलौता बेटा चिराग सिटी स्कैन मशीन ठीक करने वाली निजी कंपनी में कार्यरत है। परिवार की हालत भी इतनी नहीं है कि इतनी मोटी रकम वहन कर सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक एनजीओ इम्पेक्ट गुरू आगे आई है और लोगों को सोशल मीडिया या अन्य संसाधनों के माध्यम से अर्जुन से जुड़ी हर चिकित्सक रिपोर्ट व डिटेल सांझा कर पैसा एकत्रित कर रही है। यहीं नहीं, वह लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मिले थे। पीएमओ को भी फाइल भिजवा चुके है। अब तक छह करोड़ 50 लाख की राशि एकत्रित हो चुकी है। शिक्षा विभाग राजस्थान ने सहयोग करने का प्रयास शुरू किया है। इस विभाग में तीन लाख से अधिक कर्मी है। उनके प्रयास से अगर दो करोड़ 10 लाख एकत्रित ओर हो जाते है तो यह राशि आठ करोड़ 60 लाख हो जाएगी। इंजेक्शन देने वाली कंपनी के नियमों के हिसाब से यह राशि हम देकर इंजेक्शन लगवा सकते है। इसी दौरान कंपनी व हमारे बीच एक एग्रीमेंट होगा और बाकी छह करोड़ की राशि हम एक साल में दो किस्तों में कंपनी को देंगे। पहले इस इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ 50 लाख थी। इस समय यह कीमत 14 करोड़ 50 लाख है।

**शिक्षा संगठनों के प्रयास के बाद शिक्षा विभाग का रहा सहयोग**

बच्चे अर्जुन की माता पूनम जांगिड़ जयपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारिकापुरी में प्रयोगशालजा सहायक पद पर कार्यरत है। मां ने बेटे की सहायता के लिए शिक्षक संगठनों से बातचीत की। इसके बाद राजस्थान शिक्षक संघ, राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम), अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय), राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत), राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील), राजस्थान समग्र शिक्षक संघ व राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग से एक माह के वेतन में 50 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति कर्मचारी सहयोग देने की सहमति दी। इसके बाद 16 जून को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी आईएएस ने पत्र जारी किया और अर्जुन की बीमारी का हवाला देते हुए ग्रुप-डी को छोड़कर समस्त अधिकारी/कर्मचारी के जून माह के वेतन से 60 रुपये की सहायता राशि स्वैच्छापूर्वक देने को कहा। साथ ही यह कहा कि यदि वेतन विपत्र कोषालय में प्रस्तुत कर दिए हो तो कटौती के अभाव में यह राशि नकद प्राप्त कर सीधे अर्जुन से जुड़े बैंक खाता में जमा करवा दी जाए। यह पूर्णतया स्वैच्छिक है एवं यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी कटौती नहीं करवाना चाहता है तो वह इस आश्य की सूचना संबंधित आहरणाा वितरण अधिकारी को (माह जून के वेतन विपत्र बनाए जाने से पूर्व) लिखित में देना सुनिश्चित करें।

**यह है जोलजेस्मा इंजेक्शन**

दुनिया की सबसे महंगी दवा जोलजेस्मा का इंजेक्शन है। चिकित्सक श्रेणी में इसे एक प्रकार की जीन थेरेपी बताते है जिसका उपयोग स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (एसएमए) से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए किया जाता है। यह बीमारी बच्चों के मांसपेशियों को कमजोर करती है और अगर इसका इलाज नहीं किया जाता है तो यह घातक हो सकती है। जोलजेस्मा इंजेक्शन का उपयोग करके एसएमए का इलाज करने के लिए, बच्चे को एक बार इंजेक्शन लगाया जाता है। इंजेक्शन बच्चे के शरीर में एक नए जीन को डालता है जो एसएमए के कारण होने वाले नुकसान को ठीक कर सकता है। जोलजेस्मा इंजेक्शन अभी भी भारत में स्वीकृत नहीं है, लेकिन डॉक्टर की सलाह और सरकार की मंजूरी के बाद इसे आयात किया जा सकता है।

## सामान्य व एससी कंपोनेंट में मिला 14 करोड़ का बजट

- जनहित से जुड़े प्रोजेक्ट का प्रपोजल बनाकर भेजें : एडीसी
- डी-प्लान को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी डी-प्लान के तहत जनहित से जुड़े प्रोजेक्ट का प्रपोजल बनाकर भेजें। ये ऐसे होने चाहिए जिससे जनता को अधिक से अधिक फायदा हो। एडीसी आज लघु सचिवालय में डी-प्लान को लेकर अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि ये प्रपोजल बनाते समय संबंधित जनप्रतिनिधियों की सलाह व सहमति जरूर लें। स्कूलों व स्टेडियम में सोलर पैनल के लिए भी योजना बना सकते हैं। इसमें ध्यान रहे कि रखरखाव की जिम्मेदारी होनी चाहिए। प्रपोजल सेल्फ ससपेंडेबल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्कोर् में ओपन जिम के लिए भी कार्य करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से 14 करोड़ रुपये का बजट सामान्य व एससी कंपोनेंट में आया है। सभी कार्य सरकार के निर्देशानुसार नियमों के तहत किए जाएं। विकास कार्योंर् में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी ढांचागत विकास योजना बनाई जाए उसमें यह सुनिश्चित करें कि वो जमीन विवादित ना हो। साथ ही उन्होंने सभी कार्य संपन्न होने के बाद पौधारोपण पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रपोजल स्वीकृत होते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी। एडीसी ने कहा कि अगले सप्ताह फिर से बैठक होगी। उसमें पिछले कार्यों का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देकर आएं। इस बैठक में डीडीपीओ हरि प्रकाश बंसल व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो : हरिभूमि

**जानकारी**

**पिछले माह 390 बसों की चेकिंग में 25 बसों का चालान किया**

## जिले की सभी मुख्य सड़कों पर स्पीड की लिमिट निर्धारित, लिमिट तोड़ी तो होगा चालान

- हाईवे पर कोई परेशानी हो तो हेल्पलाइन नंबर 1033 पर करें कॉल
- एडीसी ने ली सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सड़क सुरक्षा लोगों के जीवन से जुड़ा सबसे अहम मुद्दा है। ऐसे में जिला में सड़क पर चलते समय हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे यातायात नियमों की पालना करें। जिला के सभी मुख्य सड़कों पर स्पीड की लिमिट निर्धारित कर दी गई है। सभी नागरिक इनका पालन करें। अगर कोई नियमों की पालना नहीं करता तो अधिकारी कड़ाई के साथ नियमों को लागू करवाएंगे। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने मंगलवार लघु सचिवालय में आयोजित सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए।

एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल व कॉलेज की बसों की चेकिंग करें। पिछले माह आरटीओ द्वारा 390 बसों की चैकिंग की गई, जिसमें से 25 बसें निर्धारित मानकों के अनुरुप नहीं थी। इनका चालान किया गया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अभियान चलाकर बसों की चेकिंग की जाए। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया है कि वे वाहन चलाते समय वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें। दोपहिया वाहनों को चलाते समय हैल्मेट पहने। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि सड़कों पर विशेष अभियान चलाकर नियमों की अवहेलना करने वालों का? चालान किया जाए। समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करें। नई अनाज मंडी में हर सप्ताह होने वाली पासिंग प्रकिया के दौरान चालकों की आंखों की जांच करवाई जाए साथ ही जागरूक अभियान भी चलाया जाए। लोगों को हाईवे के संबंध में कोई परेशानी हो तो वे हेल्पलाइन नंबर 1033 पर कॉल करें। यह पूरे देश में एक ही नंबर है। सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर किसी भी प्रकार की परेशानी के लिए इस नंबर पर डायल किया जा सकता है। इस बैठक में कनीना के एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी सुरेश कुमार तथा आरटीओ मनोज कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक लेते एडीसी।

## अवैध माइनिंग के विरोध में दोस्तपुर के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, धरना शुरू करने की दी चेतावनी

- नांगल चौधरी खंड के गांव दोस्तपुर में राजस्थान के लोग हरियाणा की सीमा में घुस कर अवैध रूप से कर रहे हैवी ब्लास्टिंग एवं अवैध पत्थर खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी खंड के सीमावर्ती गांव दोस्तपुर के ग्रामीण प्रातःकाल को जिला मुख्यालय पहुंचे तथा प्रदर्शन एवं नारेबाजी करने उपरांत डीसी के नाम एसडीएम जितेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा तथा गांव में की जा रही अवैध पत्थर खनन करने एवं हैव्वी ब्लास्टिंग को रूकवाने की मांग की। ग्रामीणों ने उनकी सुनवाई नहीं करने पर धरना पर जाने की चेतावनी भी दी है। प्रदर्शनकारियों की अध्यक्षता युवा नेता नितिन कुमार ने की। एसडीएम ने उन्हें ज्ञापन डीसी को भिजवाने का आश्वासन दिया है।

नितिन कुमार ने बताया कि उनका गांव दोस्तपुर राजस्थान की सीमा से लगता है और गांव में राजस्थान के लोगों द्वारा अवैध रूप से माइनिंग की जा रही है। माइनिंग करने का उनके पास राजस्थान का भी लाइसैंस नहीं है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से सबकुछ हो रहा है। उन्होंने बताया कि कमाल की बात है कि माइनिंग करने वाले राजस्थान के लोग हैं, लेकिन वह दोस्तपुर गांव की सीमा के अंदर माइनिंग कर रहे हैं, जबकि उनका हरियाणा की सीमा के अंदर कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि इस बाबत वह पिछले तीन महीनों से लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में हैं और माइनिंग की तीन बार पैमाइश भी करवा चुके हैं। पैमाइश में भी माइनिंग वाला क्षेत्रफल हरियाणा की सीमा में आया हुआ है, लेकिन यहां के अधिकारी उनके खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रहे। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि यहां के माइनिंग अधिकारी से वह कई बार लिखित एवं मौखिक अवगत करा चुके, लेकिन वह टस से मस होने का नाम ही नहीं लेते। उन्होंने बताया कि वह गांव की सीमा के अंदर आबादी से महज 100 मीटर दूर पर इतनी हैवी ब्लास्टिंग करते हैं कि आसपास के मकानों में दरारें आ गई हैं।

गांव की महिला सरपंच के प्रति बबरूभान ने बताया कि आसपास अनुसूचित जाति के लोगों की बस्ती बसी हुई है और हैवी ब्लास्टिंग से मकान थर्राते हैं। इसलिए माइनिंग पर रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि खनन नहीं रोका गया तो इसके विरोध में धरना शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों में बबरूभान, नितिन कुमार के अलावा ओमप्रकाश, सुमेरसिंह, कृष्ण, सुनील, राकेश, धर्मेंद्र, धीरज, अंकित, मुकेश, नेतराम, प्रवेश, पप्पू, राजीव, दिनेश, धर्मेंद्र, हंसराज, नितिन व रोहित आदि मौजूद थे।



नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते दोस्तपुर के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style



# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑसट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

## करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।

# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब



वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

### 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

### 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

# कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या कर देश में लोगों पर भारी जुल्म व अत्याचार किया: रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इमरजेंसी की याद में लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद और काला अध्याय आपातकाल काल दिवस 25 जून 1975 के विरोध में उठी प्रत्येक आवाज को नमन कार्यक्रम का आयोजन यादव धर्मशाला में मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा मुख्यातिथि रहे। जबकि हरियाणाद पर्यटन के चेयरमैन डॉ. अरविंद यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में बंद लोगों को व उनके परिजनों को शॉल ओढाकर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने सम्मानित किया।

प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि आज ही के दिन 1975 में कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चुनाव को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने गैर कानूनी बताते हुए रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी

**खास बातें**

- लोगों ने सत्याग्रह कर कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का डटकर किया विरोध
- नारनौल की यादव धर्मशाला में इमरजेंसी की याद में नमन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## एक लाख 40 हजार से अधिक लोगों ने सत्याग्रह किया

इमरजेंसी के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, भैरों सिंह शेखावत, पीलू मोदी सहित भाजपा के देश के तमाम नेताओं को जबरदस्ती जेलों में डाल दिया। उन्हें भी इमरजेंसी के दौरान पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर बहुत यातनाएं दी और अंबाला जेल में बंद कर दिया। अंबाला से उन्हें बिहार की जेल में भेज दिया। कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या कर देश में लोगों पर भारी जुलम व अत्याचार किया। शर्मा ने कहा कि एक लाख 40 हजार से अधिक लोगों ने सत्याग्रह किया तथा कांग्रेस की दमनकारी नीतियों का डटकर विरोध किया। कांग्रेस सरकार ने इमरजेंसी के दौरान नैतिकता की सभी हदे पार कर दी थी। आज भी कांग्रेस व उनके नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाधी को पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान दुर्गा भवानी की संज्ञा दी थी।



नारनौल। आपातकाल से पीड़ित परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा पर्यटक निगम के चेयरमैन डॉ. अरविंद यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाई गई इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की हत्या की गई। प्रेस की आजादी को छीन लिया गया। उन्होंने पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का नाम लेते हुए कहा कि पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा उस समय युवा और नौजवान थे। उनके ऊपर पुलिस ने जो जुल्म ढाया, उसको आम व्यक्ति सहन नहीं कर सकता। इस मौके पर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, वासुदेव यादव, बाबूलाल प्रधान पटीकरा, राजेंद्र यादव, नरेंद्र झिमरियां, पवन खैरवाल, कृष्ण अवतार यादव, मनीष संगी, पृथ्वी यादव एडवोकेट, छोटू पहलवान, सुभाष डागर, अजीत कलवाड़ी, विद्यानंद लांबा, शकुंतला यादव, चंद्रकला, शकुंतला देवी, शांति देवी, सुमन यादव मंडाना, माया देवी, मंजू सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने ओबीसी समाज को दी बड़ी सौगात



**मंडी अटेली।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा प्रदीप यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा प्रदेश में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियां व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में बड़ा लाभ देने के लिए कुछ प्रमुख घोषणाएं की हैं। हरियाणा में आज के दिन नौकरियों में पिछड़े वगार्ें के आरक्षण अंदर क्रिमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से छह लाख रुपये है।

### श्रीश्याम मंदिर गोपाल गोशाला में जागरण

**नारनौल।** श्री श्याम मंदिर गोपाल गोशाला नारनौल परिसर में गत रात्रि को श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। संकीर्तन महोत्सव के दौरान श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार आकर्षक फूलों से किया गया तथा मंदिर परिसर की रंग बिरंगी लाइटों से सजावट की गई। मुख्य यजमान ने श्याम बाबा की ज्योति प्रज्वलित करके छप्पन भोग लगाने के बाद संकीर्तन शुरू किया गया। पानीपत से साहिल शर्मा भजन के द्वारा जागरण में गणेश वंदना करके संकीर्तन शूरू किया गया। उनके द्वारा श्याम बाबा के अनेक भजनों को सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

### अटेली में नाले की नहीं हुई सफाई, परेशानी

**मंडी अटेली।** मानसून ने क्षेत्र में दस्तक देना शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक अटेली कस्बे में गंदे पानी की निकासी के मुख्य नाले की अभी तक छंटाई व सफाई नहीं की गई है। जिससे दुकानों व घरों में बारिश के गंदे पानी के घुसने का भय लोगों का सता रहा है। कस्बे में नगरपालिका का एक साल से अधिक कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासन ने अभी तक चुनाव नहीं करवाए हैं। इसलिए कस्बे में अपनी लोकप्रिय सरकार नहीं होने से इनकी सुनने वाला कोई नहीं है। अटेली कस्बावासी सतीश कुमार, भोला, मुकेश दीवान, अनिल कुमार, तेजप्रकाश आदि ने बताया कि मानसून ने दस्तक देने शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक इस नाले की छंटाई नहीं होने के कारण अटा पड़ा है। इस कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है।

### लोगों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**नारनौल।** जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्त अभियान को लेकर पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार नशा मुक्त को लेकर नशा ना करने हेतु जागरुक कर रही है। इसी अभियान के तहत महिला थाना प्रबंधक निरीक्षक मंजूषा और उनकी टीम ने शहर नारनौल क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जाकर लोगों को नशे से बचने हेतु जागरुक किया गया। पुलिस टीम ने मौहल्ला पीरआगा में लोगों, युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक किया और जागरुक करते हुए कहा कि नशा हमारे शरीर, परिवार, समाज और देश का सबसे बडा दुश्मन है। इसके दूर रहें और दूसरों को भी दूर रखें। इस दौरान मौजूद लोगों को नशा ना करने की शपथ दिलाई। वह नशे के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकता और नशे के पीछे भाग कर अपनी जिन्दगी को बर्बाद कर लेता है। अपने परिवार को भी बर्बाद करता है।

## अनुबन्धित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक आयोजित

# नियमितकरण की बने पॉलिसी, सुरक्षित हो रोजगार अन्यथा अबकी बार आर या पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा 2061 की बैठक नारनौल सर्किल ऑफिस के प्रांगण में हुई। शुरूआत में दिवंगत आत्मा अर्पण गॉड के लिए दो मिनट का मौन धारण किया, इसके बाद आगामी कार्रवाई शुरू की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नारनौल सब अर्बन व सीहमा सब डिवीजन की कार्यकारिणी का गठन करना था। इस बैठक की अध्यक्षता डिवीजन प्रधान रामौतार यादव ने की। मंच का संचालन जिला प्रेस सचिव सूरज कौशिक ने किया। इस दौरान विशेष रूप से अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला, प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम, प्रदेश कार्यालय सचिव नरेंद्र यादव व पवन शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चुनाव का समय है और पिछले साढ़े नौ साल से सरकार ने विद्युत विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों के हित में कार्य नहीं किए हैं जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संगठन के मुख्य मांग सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की नियमितीकरण पॉलिसी बनाने में विद्युत विभाग के सभी अनुबंधित कर्मचारी (कौशल रोजगार, निगम रोल, पार्ट टाईम, अनस्किल्ड) सभी को शामिल किया जाए। जोखिम भरे कार्य को देखते हुए रिस्क अलाउंस दिया जाए।

थर्मलो को लेकर 12 जून को हुए समझौते को लागू कर पॉलिसी मे शामिल करना, कैशलश मैडिकल पॉलिसी मे शामिल करना, सेवानिवृत्त पर एक मुश्त राशि और जिन कर्मचारियों को अनुभव का लाभ नही दिया अनुभव जोडना और अब तक सरकार, विभागीय और कौशल की हुई बैठकों में हुए सहमती को तुरंत प्रभाव से लागू करना, जिसमें मुख्य वेतन बढ़ोतरी, अनुभव आधार पर वेतन, चिरायु कार्ड लागू करना है।

इनको लेकर संगठन आंदोलन का बिगुल बजाएगा। जिसमे 29 जुलाई को करनाल मे प्रदर्शन किया जाएगा और अगर मांगे नही मानी तो प्रदर्शन को अनिश्चितकालीन धरने मे तबदील कर दिया जाएगा। इसको लेकर 24 जून से 30 जून तक प्रत्येक सब डिवीजन में गेट मिटिंग के माध्यम से संगठनात्मक मांगों का प्रचार प्रसार करते हुए पम्पलेट लगाए जाएंगे। चार जुलाई को सभी सर्कलों मे अतिरिक्त उपायुक्त, अधीक्षक अभियंता एवं मुख्यालयों पर चीफ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। पांच जुलाई से 15 जुलाई तक सभी विधायकों और सासंदो को ज्ञापन दिया जाएगा। 16 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन दिया जाएगा। अगर फिर भी सरकार गहरी निंद्रा से नही जागती है तो 29 जुलाई को करनाल मे एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार द्वारा श्रमिकों के प्रति लिए गए सकारात्मक कदम पर ही संगठन का फैंसला निर्भर करेगा। चुनावी गणित बनाने व बिगाड़ने में कर्मचारियों की अहम भूमिका होगी। बैठक के बाद पदाधिकारी अधीक्षक अभियंता रंजन राव से मिले और कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौपा।



नारनौल। बैठक में हिस्सा लेते विद्युत कर्मचारी संघ से जुड़े सदस्य।

### नारनौल सब अर्बन की कार्यकारिणी में चुने गए पदाधिकारी

| पद | नाम |
|---|---|
| प्रधान | महेश यादव |
| उप प्रधान | मनोज, रामकिशन व हितेश यादव |
| सचिव | सुंदर बलावा |
| सहसचिव | नरेश मेहरमपुर |
| संगठन कर्ता | चंद्र मोहन |
| कोषाध्यक्ष | विकास मेई |

### नारनौल सीहमा सबडिवीजन की कार्यकारिणी में चुने गए पदाधिकारी

| पद | नाम |
|---|---|
| प्रधान | देवेंद्र यादव |
| उप प्रधान | सतपाल, नवीन व कप्तान सलूनी |
| सचिव | श्रवण कुमार |
| सहसचिव | रणवीर यादव |
| संगठन कर्ता | बिरसिंह |
| प्रेस सचिव | नरेश |
| कोषाध्यक्ष | सतीश मेई |

### ये रहे मौजूद

इस मौकेपर जिला प्रधान आशीष गोरा, जिला सचिव कर्मवीर जाखड़, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण, महेंद्रगढ़ डिवीजन प्रधान बलवीर यादव, जिला सलाहकार चिंतामणि गुप्ता, अशोक सैनी, मोहन, अनूप, अशोक, करण सिंह, नवीन, निजामपुर सब डिवीजन के प्रधान उमेद चौधरी, कर्मवीर, विक्रम राठी, राजकुमार यादव, अजीत, सुरेंद्र सतनाली, ज्ञानी राम, शमशेर, रवि, जय भगवान, कुलदीप, प्रवीण, रविंदर और नवदीप उपस्थित रहे।




## यदुवंशी डिग्री कॉलेज की एकता ने मैथ्स ऑनर्स में 95.2 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में प्रथम

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीएससी ऑनर्स मैथ्स के छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट लिस्ट में रहकर परचम लहराया। बीएससी मैथ्स ऑनर्स की छात्र एकता पुत्री तेजपाल ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही स्नेह पुत्री संजय ने 90.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, रितिका पुत्री रविंद्र ने 86.0 प्रतिशत लेकर पूरे विश्वविद्यालय में केवल अपना नाम ही रोशन नहीं किया बल्कि अपने माता-पिता और कॉलेज का नाम रोशन किया। मैथ्स ऑनर्स के उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने 70.2 प्रतिशत अंकों से ऊपर रहकर अपनी परीक्षा को उत्तीर्ण कर कामयाबी हासिल की। संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार परीक्षा परिणाम प्राप्त करते रहने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया की सकारात्मक परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों व अध्यापकों दोनों के मनोबल को बढ़ाता है। निदेशक राजेंद्र यादव ने कहा कि मैथ्स ऑनर्स में 95.2 प्रतिशत अंक लेकर इन तीनों विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों का एवं अपने अध्यापकों का सिर ऊंचा किया है। डॉ. प्रदीप यादव व प्राचार्य बबरुभान ने भी इस सकारात्मक परीक्षा परिणाम की सराहना की।

## ओबीसी कोटा बढ़ाने से दक्षिणी हरियाणा को सबसे अधिक फायदा : मनोज सेकवाल



**नारनौल।** हरियाणा में ओबीसी वर्ग को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ी राहत दी है। सीएम ने ग्रुप-ए और बी के पदों पर पिछड़े वगोंर् के लिए आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि दोनों ग्रुप में पिछड़े वगोंर् के लिए रिक्त पदों के बैकलॉग को विशेष भर्ती अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। भाजपा नेता मनोज सेकवाल ने कहा कि क्रीमीलेयर के लिए वार्षिक आय सीमा छह लाख रुपये से बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने की मुख्यमंत्री नायब सैनी के द्वारा घोषणा की गई है। इससे अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लोगों को रोजगार में महत्वपूर्ण फायदा मिलेगा। केंद्र सरकार की तर्ज पर इस इनकम में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को फायदा होगा। सेकवाल के कहा कि सीएम सैनी की इस घोषणा के बाद ओबीसी कम्युनिटी में खुशी की लहर दौड़ गई। अगले तीन महीनों में पचास हजार रिक्त पदों को भरा जाएगा। इससे प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलेगी। लोगों ने आरक्षण बढ़ने की खुशी में एक दूसरे को लड्डू खिलाकर कर खुशी जाहिर की।



## आपी के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने दिया इस्तीफा

**मंडी अटेली।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राता ने अपने सैकड़ों साथियों के मंगलवार पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। उनके साथ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रभारी विजय चोपड़ा, युवा के उपाध्यक्ष सोमवीर, ब्लॉक अध्यक्ष सरजीत, सर्किल इंचार्ज ओमप्रकाश आर्य, दीपक शर्मा, कंवर सिंह, बीरसिंह, रामसिंह, महावीर सिंह, देशराज भोड़ी, जिला ऑफर इंचार्ज मनजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह ट्रांसपोर्ट प्रधान, ग्रामीण इंचार्ज नितेश बेगपुर, रामरतन भीलवाड़ा, सोनू यादव, सुनील राव जिला पार्षद, राजपाल सिंह एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं आदि साथ थे, जिन्होंने आम आदमी पार्टी को महेंद्र सिंह राता के साथ छोड़ने का निर्णय लिया है। इस मौके पर महेंद्र सिंह राता ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि वह पूरी निष्ठा और लग्न से जो पार्टी ने जिम्मेदारी दी थी, उसे निभाने का अपने साथियों के साथ प्रयास किया है, लेकिन आम आदमी पार्टी की जिस विचारधारा से प्रभावित होकर अपने साथियों के साथ पार्टी ज्वाइन की थी, वह अब उन्हें अनुकूल नहीं लग रही है। समय के साथ पार्टी का शीर्ष नेतृव उस विचाराधारा से समझौता कर रहा है।

# मोबाइल को छोड़कर पुस्तकों को बनाए मित्र

- गांव मांडोला स्थित बाबा केसरिया धाम पर ग्रामीण बच्चों की सुविधा के लिए वाचनालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव मांडोला स्थित बाबा केसरिया मंदिर में ग्रामीण बच्चों की सुविधा के लिए वाचनालय का उद्घाटन मंगलवार को हस्ती देवी जनकल्याणार्थ सेवा समिति की अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनिया ने की।

समिति अध्यक्षा डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि हमारे ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं। इन्हें समय पर उचित मंच व सुविधाएं मिले तो निश्चित रूप से ये अपने माता-पिता, गांव व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

इसी उद्देश्य से ग्रामीण बच्चों की सुविधा के लिए उन्होंने गांव में वाचनालय की सुविधा उपलब्ध करवाई है ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं यहां बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सके। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने तथा पुस्तकों को ही अपना मित्र बनाते हुए उनको में अधिक समय लगाने तथा प्रतिदिन न्यूज पेपर भी अवश्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व डीईओ मुकेश लावनिया ने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का युग है। ऐसे समय में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मंच मिलना बहुत जरूरी है। ऐसे बच्चों की सुविधा के लिए हस्ती देवी जनकल्याणार्थ सेवा समिति की ओर किए गए कार्य वास्तव में सराहनीय है।

यहां स्थापित किए गए वाचनालय को लेकर ग्राम सरपंच पूजा यादव, हंसराज यादव, पूर्व सरपंच बीरेन्द्र सिंह, जगरूप, बिल्लू पंच, श्योताज सिंह सहित काफी संख्या में उपस्थित महिला-पुरुष ग्रामीणों ने भी समिति के इस सहयोग की सराहना करते हुए इसी प्रकार से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व सामाजिक कार्य करने की दिशा में काम करते रहने की कामना की।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों से बात करती डॉ. पवित्रा राव। फोटो : हरिभूमि

## हुडीना में हनुमान जी का भंडारा आयोजित

**नारनौल।** गांव हुडीना के हनुमान मंदिर में भंडाया आयोजित किया गया, जिसमें आस-पड़ोस के कई गांवों के लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। जीके सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल आजमनगर सिहार द्वारा जरनल स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया, जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, एलर्जी रोग विशेषज्ञ, जरनल फिजिशियन व गायिनी डाक्टर ने अपनी सेवाएं दी। कैंप में आए मरीजों की जांच करने के साथ ही उन्हें दवाईयां भी फ्री दी गई। कैंप का आयेजन हॉस्पिटल संचालक डा. गौरव खोश्या एवं उनकी चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया, जिनमें डा. इंद्रजीत, डा. अजय सिंह, डा. प्रकृति, सुमेर, योगेश, सत्यप्रकाश, हेमंत आदि ने भाग लिया।

**सूचना**

मै राम चंद्र पुत्र हुकम चंद वासी छापडा सलीमपुर तहसील अटेली जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पूर्ण व मेरा पोता अमन मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं बसंत कुमार पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला चांदूवाड़ा तहसील व जिला नारनौल हाल निवासी -ए-104, सिंगार रेजीडेंसी, बैशु सूरत गुजरात अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल व उसकी पत्नी प्रिया मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं और मनमाना आचरण करते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र राहुल व उसकी पत्नी प्रिया को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। अब उक्त दोनों से हमारा कोई संबंध वास्ता नहीं है। -शपथकार

**सूचना**

मैं, भाग सिंह पुत्र श्री चन्दगीराम निवासी नगंला (पथरवा) उपतहसील सतनाली व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पोता अमन कुमार (पुत्र स्व. श्री सतीश कुमार) व उसकी धर्मपत्नी पिंकी देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## हर तीन माह में 300 ग्राम किया जा सकता है रक्तदान

# रक्तदान से हम बचा सकते है जीवन : डॉ. संगीता

- अपने लिए तो सभी जीते है, पर दूसरों के लिए जीना बड़ी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। अपने लिए तो सभी जीते है, पर दूसरों के लिए जीना बड़ी बात है। ब्लड डोनेट करके लोगों की मदद की जा सकती है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। ये जानकारी मंगलवार को युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा द्वारा इमरजेंसी रक्त मुहिम के दौरान कंवरसिंह सैनी रक्तदान कर रहे थे, तब जिला अस्पताल के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर संगीता यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि आजकल फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप की दुनिया में लोग एक दूसरे की मदद के लिए समय नहीं निकाल पाते। सामाजिक सरोकार से लोग दूर होते जा रहे है लेकिन युवा साथी रक्तदान संगठन ऐसे माहौल में रक्तदान के लिए लोगों को जोड़ने का काम कर रहा है। जो जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने का काम कर रहे है। वहीं रक्तदाताओं के लिए पौष्टिक, स्वस्थ आहार और अच्छी तरह से आराम करना बहुत महत्वपूर्ण है। जिससे नई रक्त कोशिकाएं फिर से बनें। उन्होंने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसे बनाया नहीं जा सकता।

इसलिए हमें रक्तदान कर दूसरों को जीवन देना चाहिए। 18 से 60 वर्ष तक का स्वस्थ व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो रक्तदान कर सकता है। हर तीन माह में 300 ग्राम रक्तदान किया जा सकता है।



नारनौल। रक्तवीर को बैज लगती जिला ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ संगीता यादव।

## राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार

- वर्ष 2023–24 की खेल उपलब्धियों के लिए आवेदन आमंत्रित

**नारनौल।** हरियाणा खेल विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 (1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024) के दौरान के खेल उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद इनाम व छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 30 जुलाई तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में स्थित जिला खेल कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2023-24 (1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच है, के दौरान के खेल उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद इनाम तथा एससी व अन्य जाति के खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए पूर्व वषोंर् की तरह इस बार भी आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 30 जुलाई तक अपना आवेदन पत्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में स्थित जिला खेल कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट हरियाणा स्पोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### साहिल ने हासिल की 56वीं रैंक, एनडीए में चयन

**मंडी अटेली।** सिहमा खंड के गांव सलूनी के साहिल पुत्र दिनेश कुमार



का 56वीं रैंक हासिल करने पर एनडीए में चयन हो गया है। साहिल के पिता दिनेश भारतीय नेवी में कार्यरत हैं। साहिल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता सुमन देवी व पिता दिनेश कुमार तथा अपने गुरुजनों को दिया है। इस मौके पर गांव के सरपंच राजकुमार, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, अजीत सिंह, अनूप, संजय मास्टर, अशोक व दलीप सिंह चैयरमैन ने बधाई दी।

### यादव धर्मशाला में जिला स्तरीय मीटिंग कल

**नारनौल।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन जिला महेंद्रगढ़ की मीटिंग 27 जून को यादव धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। जिला प्रधान कप्तान रघुबीर सिंह मीटिंग की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरजीत नंबरदार ने बताया कि मीटिंग में नंबरदारों की लंबित मांगों को लागू करवाने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से रूके मानदेय दिलाने बार, आबियाना के नाम पर नंबरदारों का मानदेय रोकने बारे, मानदेय की बढ़ोतरी हेतु, मानदेय में से टीडीएस न काटने बारे आदि तथा और भी मांगों को लेकर नंबरदार मिलकर रणनीति बनाएंगे।



### विधायक राव दानसिंह ने जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** गांव खुड़ाना बास की ढाणी खड़गवान में गैस हादसे में मृतक परिवार के आवास पर पहुंचकर विधायक राव दानसिंह ने शोक जताया। इस मौके पर राव दानसिंह ने कहा कि यह बहुत बड़ा हादसा है, जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती। एक ही परिवार के चार सदस्यों का एक साथ हम सबके बीच से चले जाना बहुत दुखदाई घटना है। उन्होंने शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

# एक बार फिर तैयारी, पहले प्रधान सहित छह कर्मियों को दिखाई थी जेल

# किलोमीटर स्कीम के विरोध में आज भूख हड़ताल पर रहेंगे रोडवेज कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी 26 जून को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार व विभाग के उच्चअधिकारियों द्वारा यूनियन से वार्ता में मानी हुई मांगों को न तो लागू करते हैं न ही सरकारी कर्मचारियों के हित की कोई बात करते है। इससे कर्मचारियों में रोष है। हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन से नारनौल डिपो प्रधान हंसराज यादव ने बताया कि 2018 में किलोमीटर स्कीम की पॉलिसी के खिलाफ पांच सितम्बर 2018 को एक दिन की हड़ताल की गई थी। उसे दिन डिपो प्रधान हंसराज यादव व पांच कर्मचारी दो दिन नसीबपुर जेल में रह कर आए थे। उसी कड़ी में नारनौल डिपो के 54 कर्मचारियों पर एस्मा के तहत अब तक कोर्ट मे केस चल रहा है और नवम्बर 2018 में 15 कर्मचारियों मे एस्मा के तहत कर्मचारियों पर मुकदमा चल रहा है। तब 18 दिन तक धरना व हड़ताल हुई थी। उस विरोध के बावजूद भी तानाशाही का परिचय देते हुए किलोमीटर स्कीम की बसें रोडवेज के बेड़े में शामिल कर दी गई थी, जो आज सिर्फ न सिर्फ घाटे का सौदा है और सवारी भी सफर करने से घबराती है। कारण, इन बसों में अनट्रेंड चालक होते है और ये भी भरोसा नहीं है कि मंजिल तक समय पर भी पहुंचाएंगे। वहीं नारनौल डिपो का ऐसा कोई दिन नहीं होता कि ये किलोमीटर वाली बसे बीच रास्ते में खड़ी नहीं होती हो। इन बसों से परिचालक भी परेशान रहते है। फिर भी सरकार दोबारा से रोडवेज के बेड़े में किलोमीटर स्कीम की बसे लाना चाहती है। किलोमीटर की बसों के चालक सरकारी परिचालक की परवाह न करके अपनी बसों को मनमर्जी से चलाते हैं।

### परिचालकों का पे-ग्रेड बढ़ाए सरकार, वरना भुगतना पड़ेगा नतीजा



डिपो प्रधान हंसराज यादव ने कहा कि परिचालको का पेग्रेड की बात आते ही सरकार ने कहा कि हम परिचालकों का पेग्रेड नहीं बढ़ाएंगे। हम सरकार को स्पष्ट कहना चाहते है सयम रहते हुए परिचालको का पे-ग्रेड ना बढ़ाए तो सरकार को इसका नतीजा भी भुगतना पडेगा। कर्मशाला के कर्मचारियों के कर्मचारियों को सर्विसेज रूल 2016 के साथ जोड़कर अवकाश को कम करके प्रताड़ित किया जा हैं। ग्रुप-डी के कर्मचारियों से तकनीकी पद का कार्य लिया जा रहा हैं जबकि प्रमोशन नही दी जा रही हैं। सभी प्रकार की पूर्ण प्रक्रिया के बाद भर्ती किए गए 2016 के चालकों व दादरी डिपो के 52 हैल्परों को पक्का नही किया जा रहा हैं। रोडवेज विभाग में लगभग 45 तरह की कैटेगिरी फ्री यात्रा सुविधाओं का लाभ ले रही हैं और एक और सुविधा सरकार नै जोड़ी है। हैप्पी कार्ड अब उसमे भी रोडवेज कर्मचारी सरकार का पूरा सहयोग कर रहा है परन्तु 35 से 38 साल तक कार्य करने वाले रोडवेज कर्मचारियों को फ्री सुविधा न देकर अन्याय किया जा रहा हैं। सरकार की कर्मचारी व विभाग विरोधी नीतियों के खिलाफ कर्मचारियों में बहुत रोष हैं। सांझे मोर्चे ने इन फरमानों के खिलाफ 26 जून को सभी महाप्रबन्धकों के कार्यालयों पर महानिदेशक, अतिरिक्त परिवहन सचिव व सभी महाप्रबन्धकों की तानाशाही के खिलाफ 10 से चार बजे तक भूख हड़ताल करके ज्ञापन दिया जाएगा। अगर सरकार ने 23 जून 2023 को सांझा मोर्चे के साथ हुई बातों व शतारे् को मानी गई मांगों को लागू नही किया ओर जारी फरमानों की वापिस नही लिया तो 14 जुलाई को अम्बाला में परिवहन मंत्री के आवास का घेराव करके सांझा मोर्चा आगामी बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

### ऑनलाइन के बहाने कर्मियों की बदली की

साल 2023 में ऑनलाइन के बहाने कर्मचारियों की इधर-उधर बदली कर दी गई। फिर भी अधिकारी मांगों को लागू करने की बजाय चालक-परिचालकों के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। कर्मचारी विरोधी फ़रमान जारी कर रहे है। कर्मचारी नेताओ ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 23 जून 2023 को रोडवेज कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति जताई थी, जिनके परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया था। मानी गई मांगों को लागू नही किया जा रहा हैं।

### दूसरे दिन भी दिया सांकेतिक धरना

# महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने का फिर उठने लगा मुद्दा

**नारनौल जिला मुख्यालय होने के कारण नहीं हो पा रहा महेंद्रगढ़ का विकास मुख्यालय स्थापित करवाने को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन**



महेंद्रगढ़। डीसी मोनिका गुप्ता को ज्ञापन सौंपते क्षेत्र के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने का मुद्दा एकबार फिर जोर पकड़ने लगा है। मंगलवार को शहर के लोगों ने डीसी मोनिका गुप्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने व नारनौल को अलग जिला बनाने की मांग रखी है।

उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने जिलों में से एक है, लेकिन जिला मुख्यालय नारनौल होने के कारण महेंद्रगढ़ शहर का विकास नहीं हो पा रहा है। शहर के लोगों की ओर से नारनौल को अलग जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जाएगा। शहर के लोगों का कहना है कि सरकार प्रदेश में दो नए जिले बनाने की तैयारी कर रही है, लेकिन इनमें नारनौल का नाम नहीं है। अगर सरकार ने महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय व नारनौल को अलग जिला नही बनाया तो सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महेंद्रगढ़ शहर में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने को लेकर यहां के लोग लंबा संघर्ष कर चुके है, लेकिन प्रदेश सरकार ने झूठा आश्वासन देकर संघर्ष को दबा दिया था।

उस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री से बात कर महेंद्रगढ़ व नारनौल को अलग-अलग जिला बनाने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने महेंद्रगढ़ में एक दिन डीसी को बैठाकर यहां की जनता को गुमराह करने का काम किया है। लोगों का कहना है कि चरखी दादरी जिले के पास दो विधानसभा क्षेत्र व कम गांवों की संख्या होने के बावजूद भी सरकार ने दादरी को जिला बना दिया। लेकिन नारनौल व महेंद्रगढ़ का क्षेत्रफल दादरी से बड़ा होने के बावजूद भी यह अलग-अलग जिला नहीं बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों की कमजोरी होने के कारण महेंद्रगढ़ की पिछडे. जिले में गिनती होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में महेंद्रगढ़ एक ऐसा जिला है जहां लोगों ने अपने सरकारी कार्यों के लिए 65 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि अगर सरकार ने महेंद्रगढ़ व नारनौल को अलग-अलग जिला नहीं बनाया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि किन्ही कारणों के चलते वर्षो पहले महेंद्रगढ़ का मुख्यालय नारनौल में स्थापित किया गया था। परंतु आज महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को उनका हक दिया जाना उचित है। इसके लिए सरकार को नारनौल को नए जिलों की सूची में शामिल कर महेंद्रगढ़ क्षेत्र की सबसे पुरानी मांग को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए ताकि यह क्षेत्र भी उन प्राचीन जिलों के साथ कदम से कदम मिलाकर विकास के मामले में आगे बढ़ सके, क्योंकि अन्य पुराने जिले महेंद्रगढ़ से विकास के मामले में काफी आगे निकल चुके हैं। यदि सरकार ने इस प्राचीन जिले में इसका मुख्यालय स्थापित नहीं किया तो आने वाले समय में क्षेत्र के लोग फिर से एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

#### पुराने सात जिलों में शामिल है महेंद्रगढ़ जिला

हरियाणा गठन के समय वर्ष एक नवंबर 1966 में महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, रोहतक, करनाल, अंबाला, जींद, और हिसार सहित कुल सात जिले थे। इसके बाद इन जिलों में से ही 22 दिसंबर 1972 में भिवानी और सोनीपत जिले बनाए गए। 23 जनवरी 1973 को कुरुक्षेत्र, 26 अगस्त 1975 को सिरसा, 15 अगस्त 1979 को फरीदाबाद, एक नवंबर 1989 को चार नए जिले जिनमें रेवाड़ी, कैथल, पानीपत और यमुनानगर को शामिल किया गया। 15 अगस्त 1995 को पंचकूला, 15 जुलाई 1997 को फतेहाबाद और झज्जर को प्रदेश के जिलों में शामिल किया गया। चार अप्रैल 2005 को नूंह, 15 अगस्त 2008 को पलवल तथा 18 सितंबर 2016 को चरखी दादरी को नया जिला बना दिया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, यादव सभा प्रधान अभयराम यादव, भूपेंद्र सिंह आर्य, हनुमान सिंह, एडवोकेट इंद्रपाल सिंह, वीरेंद्र नंबरदार, हरिसिंह, जगदीश, विक्रांत, वीरसिंह, कवर सिंह, शेरसिंह, नरेंद्र भारद्वाज, सुरेश, एडवोकेट धर्मबीर, राधेश्याम शर्मा, जोगेंद्र, रंगराव, जोगेंद्र, हवासिंह, राजेश शर्मा एडवोकेट, वेदप्रकाश अरोड़ा, प्रधान विजय, पवन कुमार, महेंद्र सिंह, संतोष चौहान, सज्जन, महीपाल, राजपाल, सुधीर, अजीत, अमित, पोहप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## जिले में समाधान शिविरों में आई 152 शिकायतें

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के निर्देश पर मंगलवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में समाधान शिविर में समस्याएं सुनी। वहीं नारनौल में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा आईएएस ने परिवार पहचान पत्र के लिए डीसी कोर्ट में कैंप लगाकर मौके पर ही नागरिकों का समाधान किया। इसके अलावा एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी। वहीं कनीना व नांगल चौधरी में भी समस्याओं का निराकरण किया गया। चारों उपमंडल में कुल 152 शिकायतें आईं। एडीसी ने बताया कि हर रोज समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस अवसर पर नगराधीश मंजीत सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जिला मुख्यालय बदला तो लड़ा देंगे जान की बाजीः वैद्य किशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला मुख्यालय नारनौल ही था और जीवनपर्यंत नारनौल ही रहेगा। यदि जिला मुख्यालय बदला तो जान की बाजी भी लड़ा देंगे और कदापि पीछे नहीं हटेंगे। उक्त विचार प्रेस के नाम जारी एक विज्ञप्ति में भाजपा नेता वैद्य किशन वशिष्ठ ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ वासी महेंद्रगढ़ को अलग जिला बनवाएं। इससे हमें कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि हम भी इस कार्य में महेंद्रगढ़वासियों का पूर्ण सहयोग करेंगे, लेकिन वहां के लोगों की यह मांग की जिला मुख्यालय नारनौल से स्थानांतरित करके महेंद्रगढ़ स्थापित हो, यह किसी भी तरह न्यायोचित नहीं है और ऐसा हम कदापि होने भी नहीं देंगे।

## लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा के तहत 26 जून तक लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस टीम द्वारा जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में लगातार जागरूक कर रहीं हैं। इसी मुहिम के तहत मंगलवार को थाना सदर पुलिस टीम ने लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया, नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया।

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा लाखों परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है, जिस वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा छुड़ाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पुलिस के साथ-साथ आमजन का भी कर्तव्य है। इस दौरान ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस टीम ने लोगों से कहा कि अपने बच्चों का ध्यान खेलों की तरफ करो ताकि बच्चे नशे की तरफ ध्यान भी नहीं दे सकें। टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। टीम ने लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें।




महेंद्रगढ़। लोगों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए।

# समाधान शिविर में 65 शिकायतें आई

- समाधान शिविरों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय एवं समाधान शिविर लगाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार चल रहे इस कार्यक्रम के दौरान 65 शिकायतें आई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। नागरिकों ने सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी हर रोज उपमंडल स्तर पर सुबह नौ से 11 बजे तक शिकायतें सुनते हैं।

सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ दूर करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायत, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। समाधान शिविर में आए रेलवे रोड महेंद्रगढ़ निवासी महेंद्र कुमार की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनाई। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी नीतियों की सराहना की। इसके अलावा समाधान शिविर में आए महेंद्रगढ़ निवासी मुन्नी देवी की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनाई। इस दौरान मुन्नी देवी के पति राजकुमार ने इस पर खुशी जताई। महेंद्रगढ़ निवासी अंगूरी देवी की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनाई। इस दौरान उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया।

इस मौके पर एसडीएम संजीव कुमार, डीएसपी मोहम्मद जमाल, पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ कृष्ण कुमार, एसईपीओ मोहनलाल, एसईपीओ प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप, जिला कल्याण विभाग से ममता, क्रिड विभाग से अनीता सैनी व रवि के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। जनसमस्याएं सुनती डीसी मोनिका गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### श्री नामदेव समाज समिति की आम सभा सात को

**नारनौल।** श्री नामदेव समाज समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन सात जुलाई को सुबह 10 बजे रविदास मार्ग पुरानी सराय स्थित नामदेव भवन धर्मशाला में किया जाएगा। इस संबंध में समिति सचिव डॉ. संजय कुमार वर्मा ने बताया कि आमसभा में गत वर्ष का आय व व्यय विवरण सदस्यों के सामने रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त गत तीन वर्षो के कार्यकाल की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की समय अवधि अगस्त के प्रथम सप्ताह में समाप्त हो रही है। इसलिए नई कार्यकारिणी के सर्व सहमति से गठन का एजेंडा प्रमुख रहेगा। यदि सदस्यों के बीच सहमति नहीं बन पाती है तो कार्यकारिणी गठन के लिए चुनावी कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। समिति प्रधान ओमप्रकाश लोहारिया ने अधिक से अधिक सदस्यों को आम सभा में पहुंचने का आह्वान किया।

# नीट समेत प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के विरोध में गिरीश खेड़ा का आक्रोश व्रत आज

- नारनौल में डीसी की कोठी के सामने स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर 26 जून को प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक रखेंगे व्रत, छात्र-छात्राओं से भी किया भाग लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नीट परीक्षाओं में नियोजित तरीके से बड़े स्तर पर की गई धांधली और पिछले पांच वर्षों में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों की भर्तियों के पेपर लीक के अन्याय के खिलाफ जागरूक क्रांतिकारी नागरिक गिरीश खेड़ा 26 जून को प्रातः 6 बजे से सायं 7 बजे तक आक्रोश व्रत रखेंगे। गिरीश खेड़ा ने बताया कि डीसी कोठी के सामने वाली दिशा में स्थित भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के स्मारक स्थल पर, 13 घंटे का आक्रोश व्रत रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने हर युवा को मोहताज बनाकर रख दिया है कि जैसा सरकार चाहेगी वैसा ही होगा और और जब चाहेगी, तब होगा। सरकार को युवाओं की जरूरत और मन मुताबिक कोई भी काम नहीं करना, तभी तो युवाओं की नौकरी के लिए निकाली गई सभी भर्तियां आज कोर्ट में जाकर दम तोड़ देती हैं और युवाओं की बर्बादी की बाकी कसर पेपर लीक पूरी कर देते हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ उनके दिल-ओ-दिमाग में गुस्सा भरा हुआ है और यही गुस्सा हर उस युवा के दिल-ओ-दिमाग में भी भरा हुआ है, जो अपने सुनहरे भविष्य के सपने देखता है कि वह नौकरी पाएगा, डॉक्टर या इंजीनियर बनेगा। पर सरकार



ही उनके सपनों को मिट्टी में मिला रही है। इसी आक्रोश को गांधीवादी तरीके से प्रकट करने के लिए खेड़ा ने युवाओं के लिए आक्रोश व्रत नामक मंच तैयार किया है और इस व्रत के अंतर्गत वह स्वयं पूरे 13 घंटे अन्न का एक दाना और जल की एक बूंद ग्रहण किए बिना खुली छत के नीचे चिलचिलाती धूप में बैठकर सरकार द्वारा युवाओं के साथ किए जा रहे अन्याय के खिलाफ अपना विरोध और आक्रोश प्रकट करेंगे। साथ में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इस मंच पर जो युवा मौखिक रूप से आवाज उठाना चाहते हैं, वह अपने मन की बात खुल कर रखें और आक्रोश व्रत का हिस्सा बनें।

### भोड़ी के हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजित

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव भोड़ी के हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया गया। भंडारा में मुख्य अतिथि अतर लाल ने हनुमान महाराज के दरबार में चादर चढ़ाकर व पूजा अर्चना कर भंडारा का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए महाराज ने कहा कि हनुमान महाराज बल बुद्धि के देवता हैं। उन्होंने हनुमान के गुणों को अपने जीवन में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि भंडारा, हवन यज्ञ, प्रसाद, कीर्तन-भजन भारतीय सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग है। इससे समाज में भाईचारा, प्रेम तथा सौहार्द बढ़ता है। हमें ऐसे सामाजिक कायारे् में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार शर्मा तथा सामाजिक कार्यकर्ता सतीश ने कहा कि बाबा हनुमान कलयुग के अवतार हैं। सच्चे मन से इनके दरबार में आकर जो मन्नौती मांगता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती हैं। भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## आरपीएस कॉलेज की छात्रा नीकु ने 94.44 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में किया टॉप

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा गत दिवस बीएससी मेडिकल, बीएससी नॉन मेडिकल, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स, बीए व बीएससी ऑनर्स मैथ्स छठे समेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा परिणाम में आरपीएस कॉलेज बलाना की छात्रा नीकु पुत्री श्री भगवान 94.44 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अल्का वर्मा पुत्री लीलाराम 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, तन्नु पुत्री सुरेंद्र सिंह 92.22 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, अंजली कुमारी पुत्री सुरेंद्र सिंह 92 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ, प्रीती पुत्री रामकरण 90.89 प्रतिशत अंक लेकर पाचवें, अंजली पुत्री नीरज भारद्वाज 87.56 प्रतिशत अंक लेकर नौवें स्थान पर रही। इसी तरह बीएससी नॉन मेडिकल छठे समेस्टर में महिमा यादव ने 94.67 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, रीना कुमारी ने 89.78 प्रतिशत अंक लेक द्वितीय, शिखा ने 86.22 प्रतिशत अंक लेकर पाचवें तथा प्रिया 86.89 प्रतिशत अंक लेकर दसवें स्थान पर रही। इसी कड़ी में बीएससी ऑनर्स फिजिक्स छठे समेस्टर में निखिल यादव 81.11 प्रतिशत अंक लेकर पाचवें, कल्पना यादव ने 76.89 प्रतिशत अंक लेकर सातवें, अंजली 76.67 प्रतिशत अंक लेकर आठवें, ऊषा रानी 76.22 प्रतिशत अंक लेकर नौवें, योगेश 76.22 प्रतिशत अंक लेकर दसवें स्थान पर रही। इसी तरह बीए छठे समेस्टर में ज्योति 84.25 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान पर रही। बीएससी ऑनर्स मैथ्स छठे समेस्टर में सुनिता 85.56 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, विनिता 82.03 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, ईनेशा 81.94 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय, अंशिका 81.81 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ, प्रिया 81.21 प्रतिशत अंक लेकर पाचवें स्थान पर रही। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजि. मनीष राव, कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, प्रधानाचार्य डॉ. देवेन्द्र कादयान, सभी विभागाध्यक्ष व सभी शिक्षकों ने खुशी जाहिर की। डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों की सर्वश्रेष्ठ सोच के प्रतिफल परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि कठिन व सार्थक परिश्रम से किया गया कार्य कभी भी विफल नहीं जाता। किसी भी देश प्रदेश को शिखर पर ले जाने के लिए शक्षैणिक ढ़ांचा सुदृढ़ करना अनिवार्य होता है। रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव व प्रधानाचार्य डॉ. देवेन्द्र कादयान ने बताया कि श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम में अनुशासन के साथ-साथ सही समय पर विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मार्गदर्शन व फैसले का प्रतिफल है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर भारद्वाज, डॉ. जितेन्द्र जिंदल, डॉ. अर्चना साहू, डॉ. विकास यादव, डॉ. राजेश डागर, डॉ. योगिता यादव ने छात्रों को बधाई दी।